**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

**टी.बी.सी. : BFVS-S-LKG**

**परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम**

| क्रम संख्या |
|---|
| 0141633 |

# परीक्षण पुस्तिका
# सामान्य ज्ञान

# A

*समय : दो घण्टे* *पूर्णांक : 100*

## अनुदेश

1. **परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश आदि न हो। यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लें।**
2. **कृपया ध्यान रखें कि OMR उत्तर-पत्रक में उचित स्थान पर रोल नम्बर और परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम A, B, C या D को ध्यान से एवं बिना किसी चूक या विसंगति के भरने और कूटबद्ध करने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की है। किसी भी प्रकार की चूक/विसंगति की स्थिति में उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जाएगा।**
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है। परीक्षण पुस्तिका पर **और कुछ न** लिखें।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **120** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्नांश **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपा है। प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं। इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं। यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्नांश के लिए **केवल एक ही** प्रत्युत्तर चुनना है।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर **ही** अंकित करने हैं। उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखें।
6. **सभी** प्रश्नांशों के अंक समान हैं।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर **केवल उत्तर-पत्रक** अधीक्षक को सौंप दें। आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक, परीक्षण पुस्तिका के अंत में संलग्न हैं।
10. **गलत उत्तरों के लिए दण्ड :**

    **वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा।**

    (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दण्ड के रूप में काटा जाएगा।

    (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **गलत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा।

    (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दण्ड नहीं** दिया जाएगा।

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

***Note :*** English version of the instructions is printed on the back cover of this Booklet.

**1.** भारत की संविधान सभा से संबंधित निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. अप्रत्यक्ष निर्वाचन के माध्यम से प्रांतीय विधान सभाओं के सदस्यों द्वारा इसके सदस्यों का चयन किया गया था
2. संविधान सभा में भारतीय रियासतों को प्रतिनिधित्व दिया गया था

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**2.** नीति (NITI) आयोग द्वारा राज्य सहायता मिशन (State Support Mission) से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. राज्य सहायता मिशन नीति आयोग की एक व्यापक पहल है, जिसका उद्देश्य राज्यों और संघ राज्य-क्षेत्रों के साथ संरचित एवं संस्थागत जुड़ाव को बढ़ावा देना है
2. इसका प्राथमिक उद्देश्य राज्यों और संघ राज्य-क्षेत्रों को वर्ष 2036 तक, उनके सामाजिक-आर्थिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायता करना है

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, नही 2

**3.** संस्थानों/संगठनों और उनके आधिकारिक आदर्श वाक्यों (official motto) के निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| | | |
|---|---|---|
| 1. राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण | : | राष्ट्ररक्षणम् आद्यकर्तव्यम् |
| 2. भारत का उच्चतम न्यायालय | : | यतो धर्मस्ततो जय: |
| 3. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग | : | ज्ञान-विज्ञान विमुक्तये |

उपर्युक्त में से कितने युग्म सही सुमेलित है/हैं ?

(a) कोई नहीं

(b) 1

(c) 2

(d) 3

**4.** निम्नलिखित में से कौन-सी भारतीय सेना की वर्ष 2026 की थीम (Theme of the Year 2026) है ?

(a) परंपरा में निहित आत्म निर्भरता एवं नवाचार की ओर अग्रसर

(b) नेटवर्किंग और डेटा केंद्रितता का वर्ष

(c) अचूक, अभेद्य व सटीक

(d) समर्थ भारत, सक्षम सेना

**1.** Which of the following statements related to the Constituent Assembly of India is/are correct ?

1. Its members were chosen by indirect election by the members of the Provincial Legislative Assemblies
2. Indian Princely States were given representation in the Constituent Assembly

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**2.** Consider the following statements regarding State Support Mission by NITI Aayog :

1. State Support Mission is an umbrella initiative by NITI Aayog aimed at fostering structured and institutionalized engagement with states and Union Territories (UTs)
2. Its primary objective is to assist States and UTs in achieving their socioeconomic goals by 2036

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**3.** Consider the following pairs of Institutions/Organizations and their official motto :

| | | |
|---|---|---|
| 1. | National Investigation Agency | : Rāṣṭrarakṣaṇam ādyakartavyam |
| 2. | Supreme Court of India | : Yato Dharmastato Jayah |
| 3. | University Grants Commission | : Gyan-Vigyan Vimuktaye |

How many of the above is/are correctly paired ?

(a) Nil

(b) 1

(c) 2

(d) 3

**4.** Which one of the following is the 'Theme of the Year 2026' of Indian Army ?

(a) Anchored in Tradition, Sailing into Self-Reliance and Innovation

(b) Year of Networking and Data Centricity

(c) Achook, Abhedya va Sateek

(d) Samarth Bharat, Saksham Sena

5. निम्नलिखित में से किस रिट का अक्षरशः आशय 'you have the body' है ?

(a) बंदी प्रत्यक्षीकरण (Habeas Corpus)
(b) परमादेश (Mandamus)
(c) प्रतिषेध (Prohibition)
(d) उत्प्रेषण (Certiorari)

6. राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग भारत के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. यह न्यायालय के अनुमोदन से, मानव अधिकारों के अतिक्रमण से जुड़ी न्यायालय की कार्यवाहियों में हस्तक्षेप (intervene) कर सकता है
2. यह मानव अधिकारों के क्षेत्र में शोध कर सकता है
3. यह स्वयं अपनी पहल से मानव अधिकारों के अतिक्रमण का अन्वेषण नहीं कर सकता है

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2 और 3
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3
(d) केवल 3

7. निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. प्रतिनिधित्व के सर्वाधिक मत (वोट) पाने वाले की जीत प्रणाली (first-past-the-post) में, निर्वाचन में विजयी अभ्यर्थी को आवश्यक नहीं कि वोटों का बहुमत मिले
2. प्रतिनिधित्व की समानुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली (Proportional Representation) में, निर्वाचन में विजयी अभ्यर्थी को वोटों का बहुमत हासिल होता है

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

8. दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव संघ राज्य-क्षेत्र के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. भारत की संसद के एक अधिनियम के द्वारा दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव संघ राज्य-क्षेत्रों के विलयन को कार्यान्वित किया गया था
2. दादरा और नागर हवेली तथा दमण और दीव संघ राज्य-क्षेत्र के विलयन के पश्चात लोक सभा में तीन स्थान आबंटित किए गए हैं
3. इस संघ राज्य-क्षेत्र पर बॉम्बे उच्च न्यायालय की अधिकारिता का विस्तार जारी है

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2 और 3
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) केवल 2

**5.** Which one of the following Writs literally means 'you have the body' ?

(a) Habeas Corpus

(b) Mandamus

(c) Prohibition

(d) Certiorari

**6.** Which of the following statements about National Human Rights Commission, India is/are correct ?

1. It can intervene in court proceedings involving human rights violations with the approval of the court

2. It can undertake research in the field of human rights

3. It cannot investigate human rights violation on its own initiative

Select the answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 3

(b) 1 and 2 only

(c) 2 and 3 only

(d) 3 only

**7.** Which of the following statements is/are correct ?

1. In First-Past-the-Post system of representation, candidate who wins the election may not get majority votes

2. In Proportional Representation system of representation, candidate who wins the election gets majority of votes

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**8.** Which of the following statements is/are correct with respect to the Union Territory of Dadra and Nagar Haveli and Daman and Diu ?

1. The merger of the Union Territories of Dadra and Nagar Haveli and Daman and Diu was given effect to by an Act of the Parliament of India

2. After the merger of the Union Territories of Dadra and Nagar Haveli and Daman and Diu, three seats have been allocated in the House of People

3. The jurisdiction of the High Court of Bombay continues to extend to this Union Territory

Select the answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 3

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 2 only

**9.** भारत के संविधान के अनुसार 'दल परिवर्तन (defection) के आधार पर निरर्हता' के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. सदन के किसी नामनिर्देशित सदस्य पर दल परिवर्तन के आधार पर निरर्हता, लागू नहीं होती है
2. सदन के किसी सदस्य पर दल परिवर्तन के आधार पर निरर्हता, तब लागू नहीं होती है, जब वह अपने मूल राजनीतिक दल के किसी अन्य राजनीतिक दल में विलय को स्वीकार नहीं करती/करता है और एक पृथक समूह के रूप में कार्य करने का विनिश्चय करती/करता है

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**10.** निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. भारत के संविधान के अनुच्छेद 342क के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारत का राष्ट्रपति किसी राज्य के संबंध में सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक दृष्टि से पिछड़े वर्गों की एक केंद्रीय सूची अधिसूचित कर सकेगा
2. प्रत्येक राज्य केंद्रीय सूची से भिन्न, अपने स्वयं के प्रयोजनों के लिए सामाजिक और शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े वर्गों की एक सूची तैयार कर सकेगा

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**11.** अंतरराज्यिक व्यापार या वाणिज्य के अनुक्रम में माल और सेवा कर (GST) के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. भारत के संविधान के अनुच्छेद 269क के अधीन GST का उद्ग्रहण और संग्रहण (levy and collection) शासित होता है
2. अंतरराज्यिक व्यापार या वाणिज्य के अनुक्रम में प्रदाय पर माल और सेवा कर राज्यों द्वारा उद्गृहीत और संगृहीत नहीं किया जा सकेगा
3. संघ और राज्यों के बीच GST प्रभाजित (apportioned) किया जाता है

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2 और 3

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) केवल 1

**9.** As regards the 'disqualification on ground of defection' as per the Constitution of India, which of the following statements is/are correct ?

1. Disqualification on ground of defection does not apply to any nominated member of a House
2. Disqualification on ground of defection does not apply to a member of a House if she/he does not accept the merger of her/his original political party into another and opts to function as a separate group

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**10.** Which of the following statements is/are correct ?

1. Using powers given under Article 342 A of the Constitution of India, the President of India may notify a Central List of socially, educationally and economically backward classes with respect to a State
2. Every State may prepare a list of socially and educationally backward classes for its own purposes different from the Central List

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**11.** Which of the following statements about Goods and Services Tax (GST) in course of inter-State trade or commerce is/are correct ?

1. Levy and collection of GST are governed under Article 269 A of the Constitution of India
2. GST on supplies in the course of inter-State trade or commerce may not be levied and collected by the States
3. GST is apportioned between the Union and the States

Select the answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 3

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1 only

12. राज्य निर्वाचन आयुक्त के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. पंचायतों के लिए करवाए जाने वाले निर्वाचनों हेतु निर्वाचक नामावलियों को उनके निदेशन में तैयार किया जाता है
2. भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त के परामर्श पर संबंधित राज्य के राज्यपाल द्वारा उनकी नियुक्ति की जाती है

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

13. संसद की नीचे उल्लिखित समितियों से संबंधित निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(a) अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के कल्याण संबंधी समिति के लिए राज्य सभा द्वारा लोक सभा की अपेक्षा अधिक सदस्य निर्वाचित किए जाते हैं

(b) अन्य पिछड़े वर्गों के कल्याण संबंधी समिति के सभापति की नियुक्ति लोक सभा के अध्यक्ष द्वारा की जाती है

(c) महिला सशक्तिकरण संबंधी समिति में राज्य सभा के सभापति द्वारा नामनिर्दिष्ट सदस्यों की संख्या लोक सभा के अध्यक्ष द्वारा नामनिर्दिष्ट सदस्यों की संख्या से अधिक होती है

(d) राज्य सभा द्वारा लोक लेखा समिति हेतु, लोक सभा की अपेक्षा अधिक सदस्य निर्वाचित किए जाते हैं

14. निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. भारत वर्ष 2035 तक अपनी GDP की उत्सर्जन तीव्रता को वर्ष 2005 के स्तर से 47% तक कम करने के लिए प्रतिबद्ध है
2. भारत ने वर्ष 2035 तक गैर-जीवाश्म ईंधन-आधारित ऊर्जा संसाधनों से 60% संचयी विद्युत् शक्ति संस्थापित क्षमता की प्राप्ति का लक्ष्य निर्धारित किया है

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

15. भारत के संविधान के अनुच्छेद 213 के अधीन अध्यादेश प्रख्यापित करने के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. इसे राज्य की विधान सभा के समक्ष, अथवा विधान परिषद वाले राज्य में, दोनों सदनों के समक्ष रखा जाएगा
2. यह विधानमंडल के पुनःसमवेत (reassembly) होने से दो माह की समाप्ति पर प्रवर्तन में नहीं रहेगा (cease to operate)
3. इसे राज्यपाल द्वारा किसी भी समय वापस लिया जा सकेगा

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

12. Which of the following statements about State Election Commissioner is/are correct ?

1. Preparation of electoral rolls for elections to the Panchayats takes place under his/her direction
2. He/she is appointed by the Governor of the concerned State on the advice of the Chief Election Commissioner of India

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

13. Which one of the following statements related to below mentioned Committees of the Parliament is correct ?

(a) The Rajya Sabha elects more members than the Lok Sabha to the Committee on the Welfare of Scheduled Castes and Scheduled Tribes

(b) The Chairperson of the Committee on Welfare of Other Backward Classes is appointed by the Speaker of the Lok Sabha

(c) Members nominated by the Chairman of the Rajya Sabha are more in number than Members nominated by the Speaker of the Lok Sabha on the Committee on Empowerment of Women

(d) The Rajya Sabha elects more members than the Lok Sabha to the Public Accounts Committee

14. Which of the following statements is/are correct ?

1. India has committed to reduce Emissions Intensity of its GDP by 47% by 2035 from 2005 level
2. India has set the target to achieve 60% cumulative electric power installed capacity from non-fossil fuel-based energy resources by 2035

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

15. Which of the following statements with respect to the Ordinance promulgated under Article 213 of the Constitution of India is/are correct ?

1. It shall be laid before the Legislative Assembly of the State, or where there is a Legislative Council in the State, before both the Houses
2. It shall cease to operate at the expiration of two months from the reassembly of the Legislature
3. It may be withdrawn at any time by the Governor

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

16. निम्नलिखित में से कौन-से देशों के समूह, मेकांग-गंगा सहयोग (MGC) के सदस्यों में सम्मिलित हैं ?

(a) भारत, कंबोडिया, लाओ जनवादी लोकतांत्रिक गणराज्य (Lao PDR), म्यांमार, थाइलैंड और वियतनाम

(b) भारत, बांग्लादेश, लाओ जनवादी लोकतांत्रिक गणराज्य (Lao PDR), म्यांमार, थाईलैंड और वियतनाम

(c) भारत, बांग्लादेश और म्यांमार

(d) भारत, बांग्लादेश, म्यांमार और श्रीलंका

17. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित **नहीं** है ?

(a) अरुणाचल प्रदेश राज्य का निर्माण : संविधान (पचपनवां संशोधन) अधिनियम, 1986

(b) मिजोरम राज्य का निर्माण : संविधान (तिरपनवां संशोधन) अधिनियम, 1986

(c) नागालैंड राज्य के संबंध में विशेष उपबंध : संविधान (चौदहवां संशोधन) अधिनियम, 1962

(d) संघ राज्य-क्षेत्र गोवा, दमण और दीव का पुनर्गठन : संविधान (छप्पनवां संशोधन) अधिनियम, 1987

18. वर्ष 2023 में, असम में किए गए परिसीमन कार्य (delimitation excercise) से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. निर्वाचन-क्षेत्रों का परिसीमन वर्ष 2001 की जनगणना के आधार पर किया गया था
2. अनुसूचित जनजाति (ST) के लिए विधानसभा में स्थानों (Assembly seats) की संख्या में कोई वृद्धि नहीं की गई थी

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

19. अनुसूचित क्षेत्रों के प्रशासन और नियंत्रण के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. ऐसे प्रत्येक राज्य का राज्यपाल, जिसमें अनुसूचित क्षेत्र हैं, प्रतिवर्ष या जब भी राष्ट्रपति इस प्रकार अपेक्षा करे, उस राज्य के अनुसूचित क्षेत्रों के प्रशासन के संबंध में राष्ट्रपति को प्रतिवेदन देगा
2. संघ की कार्यपालिका शक्ति का विस्तार राज्यों को अनुसूचित क्षेत्रों के प्रशासन के बारे में निदेश देने तक होगा

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**16.** Which one of the following groups of countries consists of the members of Mekong-Ganga Cooperation (MGC) ?

(a) India, Cambodia, Lao PDR, Myanmar, Thailand and Vietnam

(b) India, Bangladesh, Lao PDR, Myanmar, Thailand and Vietnam

(c) India, Bangladesh and Myanmar

(d) India, Bangladesh, Myanmar and Sri Lanka

**17.** Which one of the following pairs is NOT correctly matched ?

(a) Formation of the State of Arunachal Pradesh : The Constitution (Fifty-fifth Amendment) Act, 1986

(b) Formation of the State of Mizoram : The Constitution (Fifty-third Amendment) Act, 1986

(c) Special provision with respect to the State of Nagaland : The Constitution (Fourteenth Amendment) Act, 1962

(d) Reorganisation of the Union Territory of Goa, Daman and Diu : The Constitution (Fifty-sixth Amendment) Act, 1987

**18.** Consider the statements regarding the delimitation exercise carried out in Assam in 2023 :

1. The delimitation of constituencies was done on the basis of 2001 census
2. No increase was made in the number of ST Assembly seats

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**19.** Consider the following statements about the administration and control of Scheduled Areas :

1. The Governors of each State having Scheduled Areas therein shall, annually or whenever so required by the President, make a report to the President regarding the administration of the Scheduled Areas in that State
2. The Executive Power of the Union shall extend to the giving of directions to the States as to the administration of the Scheduled Areas

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

20. वित्त मंत्रालय के अधीन कौन-सा विभाग, विदेशी मुद्रा के प्रबंधन सहित अर्थव्यवस्था के आंतरिक और बाह्य पहलूओं को प्रभावित करने वाले आर्थिक मुद्दों पर परामर्श देने के लिए उत्तरदायी है ?

(a) आर्थिक कार्य विभाग

(b) व्यय विभाग

(c) निवेश और लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग

(d) वित्तीय सेवाएं विभाग

21. PANI (परिसंपत्ति और नौचालन सूचना के लिए पोर्टल) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यह एक एकीकृत मंच है जो नदी नौचालन और अवसंरचना की जानकारी प्रदान करता है

2. यह राष्ट्रीय जलमार्गों की विभिन्न विशेषताओं की विस्तृत जानकारी प्रदान करता है

3. यह एकल खिड़की प्रणाली के माध्यम से "एक राष्ट्र–एक पंजीकरण" को सुकर बनाता है

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 3

(c) 1 और 2

(d) 2 और 3

22. भारतीय पत्तन अधिनियम, 2025 के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. इसके द्वारा केंद्र और तटीय राज्यों के बीच समन्वय के लिए एक सांविधिक परामर्शी निकाय के रूप में समुद्री राज्य विकास परिषद (MSDC) को स्थापित किया गया

2. इस विधान में भारतीय पत्तनों के लिए वैश्विक हरित प्रतिमानकों (Global Green Norms) और आपदा तैयारी को अनिवार्य किया गया है

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

23. आपदा प्रबंधन (संशोधन) अधिनियम, 2025 से संबंधित निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं ?

1. इसमें एक राष्ट्रीय आपदा डेटाबेस का निर्माण अनिवार्य किया गया है

2. यह उपबंध 41क के माध्यम से शहरी आपदा जोखिम प्रबंधन के मुद्दों का समाधान करता है

3. इसमें राज्य की राजधानियों और नगर निगम वाले सभी शहरों (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली और चंडीगढ़ संघ राज्य-क्षेत्र को छोड़कर) के लिए शहरी आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (UDMA) गठित करने का अधिकार देता है

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 3

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 2

(d) 1, 2 और 3

20. Under the Ministry of Finance, which Department is responsible for giving advice on economic issues having a bearing on internal and external aspects of economy including foreign exchange management ?

(a) Department of Economic Affairs

(b) Department of Expenditure

(c) Department of Investment and Public Asset Management

(d) Department of Financial Services

21. Consider the following statements with reference to PANI (Portal for Asset and Navigation Information) :

1. It is a unified platform which provides river navigation and infrastructure information

2. It provides detailed information of various features of National Waterways

3. It facilitates "One Nation – One Registration" through a single-window system

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 3 only

(c) 1 and 2

(d) 2 and 3

22. Consider the following statements with reference to Indian Ports Act, 2025 :

1. It established Maritime State Development Council (MSDC) as a statutory consultative body to coordinate between Centre and coastal states

2. Its legislation mandates Global Green Norms and Disaster Readiness for Indian Ports

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

23. Which of the following statements relating to Disaster Management (Amendment) Act, 2025 are correct ?

1. It mandates the creation of a National Disaster Database

2. It addresses the issue of urban disaster risk management through Provision 41 A

3. It empowers the constitution of an Urban Disaster Management Authority (UDMA) for State Capitals and all cities having Municipal Corporations (excluding NCT of Delhi and Union Territories of Chandigarh)

Select the answer using the code given below :

(a) 1 and 3 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 2 only

(d) 1, 2 and 3

**24.** भारत में मत्स्यपालन स्टार्टअप पारिस्थितिक तंत्र (Fisheries Startups Ecosystem) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. उत्पादकता, संधारणीयता और बाजार पहुँच से संबंधित समाधान प्रस्तुत करने वाले स्टार्टअपों की पहचान करने के लिए मत्स्यपालन स्टार्टअप ग्रैंड चैलेंज प्रारंभ किया गया
2. *मत्स्य मंथन* एक ज्ञान निर्माण व्याख्यान श्रृंखला (knowledge-building lecture series) है, जिसका उद्देश्य मत्स्यपालन क्षेत्र में नवाचार पारिस्थितिक तंत्र को सशक्त करना है
3. मत्स्यपालन विभाग ने व्यावसायिक मॉडलों को विकसित करने हेतु परामर्श (mentorship) और प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए मत्स्यपालन व्यवसाय उद्भवन केंद्रों (incubation centres) को स्थापित करने का समर्थन किया है

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

**25.** राष्ट्रीय पशुधन मिशन (National Livestock Mission) के उद्देश्यों से संबंधित निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

1. किसानों के लिए पशुधन बीमा सहित जोखिम प्रबंधन उपायों को बढ़ावा देना
2. मांस, अंडे, बकरी का दूध, ऊन और चारे के उत्पादन में वृद्धि करना
3. जुगाली करने वाले छोटे पशु (small ruminant), मुर्गीपालन एवं सूअर पालन क्षेत्र (piggery sector) और चारा क्षेत्र में उद्यमिता विकास के माध्यम से रोजगार का सृजन करना

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

**26.** भारत में मौसमी परिघटना (weather phenomena) से संबंधित निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. जब मैदानी क्षेत्रों में किसी स्थान (plains) का अधिकतम तापमान ≥40°C और पहाड़ी क्षेत्रों में किसी स्थान का तापमान ≥30°C पर पहुँचता है तो इसे ताप लहर (heat wave) माना जाता है
2. जब मैदानी क्षेत्रों में किसी स्थान का न्यूनतम तापमान ≤10°C और पहाड़ी क्षेत्रों में किसी स्थान का तापमान ≤0°C होता है तो इसे शीत लहर (cold wave) माना जाता है

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**24.** Consider the following statements with reference to Fisheries Startups Ecosystem in India :

1. Fisheries Startup Grand Challenge was launched to identify start-ups offering solutions related to productivity, sustainability, and market access

2. *Matsya Manthan* is a knowledge-building lecture series aimed at strengthening the innovation eco-system in the fisheries sector

3. The Department of Fisheries has supported the establishment of fisheries business incubation centres to provide mentorship and training for developing business models

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 1 and 3 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

**25.** Which of the following statements relating to objectives of National Livestock Mission are correct ?

1. Promoting risk management measures including livestock insurance for farmers

2. Increase in production of meat, egg, goat milk, wool and fodder

3. Employment generation through entrepreneurship development in small ruminant, poultry and piggery sector & fodder sector

Select the answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

**26.** Which of the following statements relating to given weather phenomena in India is/are correct ?

1. When maximum temperature of a station reaches $\geqslant 40°C$ for plains and $\geqslant 30°C$ for hilly regions, it is considered heat wave

2. When minimum temperature of a station is $\leqslant 10°C$ for plains and $\leqslant 0°C$ for hilly regions, it is considered cold wave

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**27.** सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचीयों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

| सूची I **(जीवमंडल रिज़र्व)** | सूची II **(राज्य / संघ राज्य क्षेत्र)** |
|---|---|
| A. शेषाचलम | 1. आंध्र प्रदेश |
| B. मानस | 2. असम |
| C. सिमिलिपाल | 3. ओडिशा |
| D. पन्ना | 4. मध्य प्रदेश |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 4 | 2 | 3 | 1 |

**28.** निम्नलिखित में से कौन-सा, वन्यजीव संरक्षण और लुप्तप्राय प्रजातियों (endangered species) की सुरक्षा के लिए भारत का मुख्य कार्यक्रम है ?

(a) हंपबैक व्हेल प्रोजेक्ट

(b) इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस

(c) इंटरनेशनल गोरिला कन्सर्वेशन प्रोग्राम

(d) इंटरनेशनल राइनो फाउंडेशन

**29.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. चक्रवातों, तूफानी महोर्मि (storm surges) और तटीय अपरदन के विरुद्ध गरान (मैंग्रोव) प्राकृतिक अवरोधक (buffers) हैं
2. इसे ध्यान में रखते हुए, भारत ने तटीय आवासों और मूर्त आय के लिए गरान (मैंग्रोव) पहल (MISHTI) को कार्यान्वित किया है

उपर्युक्त में से कौन-सा / कौन-से कथन सही है / हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**30.** भारत में रामसर स्थलों के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. एशिया में सबसे अधिक संख्यक रामसर स्थल भारत में है
2. रामसर स्थल पटना पक्षी अभयारण्य उत्तर प्रदेश के एटा जिले में स्थित है

उपर्युक्त में से कौन-सा / कौन-से कथन सही है / हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**31.** निम्नलिखित में से कौन-से, भारत के प्रथम रामसर-मान्यताप्राप्त आर्द्रभूमि शहर (Ramsar-accredited Wetland Cities) हैं ?

1. उदयपुर
2. पटना
3. इंदौर
4. भुबनेश्वर

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) 1 और 3

(b) 1 और 4

(c) 2 और 3

(d) 3 और 4

27. Match List I with List II and select the answer using the code given below the Lists :

| List I *(Biosphere Reserve)* | List II *(State/ Union Territory)* |
|---|---|
| A. Seshachalam | 1. Andhra Pradesh |
| B. Manas | 2. Assam |
| C. Similipal | 3. Odisha |
| D. Panna | 4. Madhya Pradesh |

*Code :*

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 4 | 2 | 3 | 1 |

28. Which one of the following is India's key programmes to conserve wildlife and protect endangered species ?

(a) Humpback Whale Project

(b) International Big Cat Alliance

(c) International Gorilla Conservation Programme

(d) International Rhino Foundation

29. Consider the following statements :

1. Mangroves are natural buffers against cyclones, storm surges and coastal erosion
2. Recognising it, India implemented the Mangrove Initiative for Shoreline Habitats and Tangible Incomes (MISHTI)

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

30. Consider the following statements with reference to Ramsar sites in India :

1. India has the highest number of Ramsar sites in Asia
2. Ramsar site Patna Bird Sanctuary is situated in Etah district of Uttar Pradesh

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

31. Which of the following are India's first Ramsar-accredited Wetland Cities ?

1. Udaipur
2. Patna
3. Indore
4. Bhubaneswar

Select the answer using the code given below :

(a) 1 and 3

(b) 1 and 4

(c) 2 and 3

(d) 3 and 4

**32.** वर्तमान वायुमंडल के विकास की अवस्थाओं से संबंधित निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं ?

1. पहली अवस्था में आदिकालिक वायुमंडलीय गैसों का ह्रास हुआ है
2. दूसरी अवस्था में पृथ्वी के तप्त अभ्यंतर (hot interior) ने वायुमंडल के विकास में योगदान दिया
3. अंत में, वायुमंडल की संरचना को जैव मंडल के प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया ने संशोधित किया

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

**33.** भूकंपों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. निपात भूकंप (collapse earth-quakes) अत्यधिक सामान्य हैं
2. सुनामी कंपन (tremors) द्वारा उत्पन्न तरंगे होती हैं और स्वयं में भूकंप नहीं होती
3. उच्च तीव्रता अर्थात 8+ तीव्रता वाले भूकंप अत्यधिक दुर्लभ होते हैं, जबकि 'सूक्ष्म' (tiny) प्रकार के भूकंप लगभग प्रत्येक मिनट आते हैं

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

**34.** जल वाष्प से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यह वायुमंडल में परिवर्तनशील गैस है जो ऊंचाई के साथ घटती जाती है
2. मरुस्थल और ध्रुवीय क्षेत्रों के शुष्क एवं शीत क्षेत्रों में, यह वायु के एक प्रतिशत से कम हो सकती है

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**35.** नदी वेदिकाओं (river terraces) से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. वे ऐसे पृष्ठ हैं जिनमें पुरानी घाटियों के तलों अथवा बाढ़कृत मैदानों (flood-plain) के तलों के चिह्न होते हैं
2. वे जलोढ़ आच्छादन या जलोढ़ वेदिकाएं रहित सरिता निक्षेप से बने आधार-शैल के सतह हो सकते हैं
3. वे मूलतः निक्षेप के उत्पाद हैं, क्योंकि वे सरिता-निक्षेपित बाढ़कृत मैदानों का उसी सरिता द्वारा ऊर्ध्वाधर अपरदन से निर्मित होते हैं

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

**32.** Which of the following statements related to the stages of evolution of the present atmosphere are correct ?

1. The first stage is marked by the loss of primordial atmosphere
2. In the second stage, the hot interior of the earth contributed to the evolution of the atmosphere
3. Finally, the composition of the atmosphere was modified by the living world through the process of photosynthesis

Select the answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only

(b) 1 and 3 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

**33.** Consider the following statements with reference to earthquakes :

1. Collapse earthquakes are most common
2. Tsunamis are waves generated by the tremors and not an earthquake in itself
3. High magnitude earthquakes i.e. 8+ are quite rare whereas 'tiny' types occur almost every minute

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 1 and 3 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

**34.** Consider the following statements related to water vapours :

1. It is a variable gas in the atmosphere, which decreases with altitude
2. In the dry and cold areas of desert and polar regions, it may be less than one per cent of the air

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**35.** Consider the following statements related to river terraces :

1. They are surfaces marking old valley floor or floodplain levels
2. They may be bedrock surfaces without any alluvial cover or alluvial terraces consisting of stream deposits
3. They are basically products of deposition as they result due to vertical erosion by the stream into its own depositional floodplain

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 1 and 2 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

36. निम्नलिखित राज्यों पर विचार कीजिए :

1. नागालैंड
2. असम
3. मिजोरम
4. त्रिपुरा

अरुणाचल प्रदेश राज्य की भारत के उपर्युक्त राज्यों में से किनके साथ साझा सीमा है ?

(a) केवल 1 और 2
(b) 2 और 3
(c) 1, 2 और 4
(d) 1, 3 और 4

37. महाद्वीपों और महासागर द्रोणी (ocean basin) के उद्गम की चतुष्फलकीय परिकल्पना (Tetrahedral Hypothesis) किसके द्वारा प्रस्तावित की गई थी ?

(a) एफ बी टेलर (F B Taylor)
(b) लोथियन ग्रीन (Lowthian Green)
(c) अल्फ्रेड वेगेनर (Alfred Wegener)
(d) डब्लू एम डेविस (W M Davis)

38. निम्नलिखित में से किससे खाद्य श्रृंखला बनती है ?

(a) घास, मछली और बकरी
(b) घास, कीट और मेढक
(c) बकरी, गाय और हाथी
(d) बाघ, शेर और घास

39. निम्नलिखित में से किस राज्य में यूनेस्को (UNESCO) विश्व धरोहर स्थल नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान अवस्थित है ?

(a) अरुणाचल प्रदेश
(b) उत्तराखंड
(c) हिमाचल प्रदेश
(d) सिक्किम

40. अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस 2026 की थीम क्या थी ?

(a) जल बचाओ, पर्यावरण बचाओ
(b) वैश्विक प्रभाव के लिए स्थानीय स्तर पर कार्य करना
(c) समझौते से कार्रवाई तक : जैव विविधता का पुनर्निमाण
(d) ग्रह के वनस्पति जगत और प्राणी जगत का संरक्षण

41. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारत की GVA में सेवा क्षेत्र का योगदान 50% से अधिक है
2. कृषि क्षेत्र की अपेक्षा सेवा क्षेत्र का विकास अधिक अस्थिर है
3. कोविड काल के बाद की अवधि में सेवा क्षेत्र में FDI का योगदान, कुल FDI का तीन-चौथाई है

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही है ?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

**36.** Consider the following States :

1. Nagaland
2. Assam
3. Mizoram
4. Tripura

The State of Arunachal Pradesh has common boundary with which of the above States of India ?

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3

(c) 1, 2 and 4

(d) 1, 3 and 4

**37.** The Tetrahedral Hypothesis of the origin of continents and ocean basin was proposed by

(a) F B Taylor

(b) Lowthian Green

(c) Alfred Wegener

(d) W M Davis

**38.** Which one among the following constitute a food chain ?

(a) Grass, Fish and Goat

(b) Grass, Insects and Frog

(c) Goat, Cow and Elephant

(d) Tiger, Lion and Grass

**39.** UNESCO World Heritage site Nanda Devi National Park is located in which one of the following States ?

(a) Arunachal Pradesh

(b) Uttarakhand

(c) Himachal Pradesh

(d) Sikkim

**40.** What was the theme for the International Day for Biological Diversity, 2026 ?

(a) Save Water, Save Environment

(b) Acting Locally for Global Impact

(c) From Agreement to Action : Build Back Biodiversity

(d) Conserve Flora and Fauna of the Planet

**41.** Consider the following statements :

1. Services sector contributes more than 50% to India's GVA
2. Services sector growth is more volatile than agriculture sector
3. FDI in services sector contributes to three-fourth of total FDI in the post-Covid period

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 1 and 3 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

42. भारत में देखे गए "निजी निवेश के अंतर्गमन का प्रभाव (crowding-in effect)" की निम्नलिखित में से कौन-सी सर्वोत्तम व्याख्या है ?

(a) निजी क्षेत्र उधारों में कमी

(b) सार्वजनिक निवेश के परिणामस्वरूप निजी निवेश में वृद्धि

(c) राजकोषीय घाटे में कमी

(d) उच्च मांग के कारण आयातों में वृद्धि

43. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारत का चालू खाता घाटा जारी है
2. भारत द्वारा वाणिज्य वस्तुओं (Merchandise) का आयात, निर्यात से अधिक है

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

44. आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. यह कमज़ोर परिवारों (vulnerable families) को स्वास्थ्य बीमा सुरक्षा प्रदान करती है
2. अस्पताल में भर्ती होने पर इसमें द्वितीयक (secondary) एवं तृतीयक (tertiary) दोनों प्रकार की देखभाल सेवाएं समाविष्ट हैं
3. यह आय निरपेक्ष है और सभी नागरिकों पर लागू है

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2

(d) 2 और 3

45. सहायिकी (subsidies) पर बढ़े हुए सरकारी व्यय के कारण भारत का राजकोषीय घाटा उल्लेखनीय रूप से बढ़ा है, जबकि कर राजस्व अपरिवर्तित रहा । निम्नलिखित में से कौन-सा इसका सर्वाधिक संभावित परिणाम होगा ?

(a) मुद्रास्फीति बढ़ेगी, ब्याज दर में गिरावट आएगी, और निजी निवेश में वृद्धि होगी

(b) मुद्रास्फीति बढ़ेगी, ब्याज दर बढ़ सकते हैं, और निजी निवेश धीमा हो सकता है

(c) मुद्रास्फीति में गिरावट आएगी, ब्याज दर बढ़ेगी, और निजी निवेश में वृद्धि होगी

(d) मुद्रास्फीति में गिरावट आएगी, ब्याज दर में गिरावट आएगी, और GDP वृद्धि में गति आएगी

46. भारत की आयातित ऊर्जा पर निर्भरता, उसे भू-राजनीतिक आपूर्ति आघात के प्रति अरक्षित बनाती है । इस संदर्भ में कच्चे तेल के आयातों में किसी बड़े व्यवधान का सर्वाधिक संभावित अल्पावधि प्रभाव क्या होगा ?

(a) मुद्रास्फीति में कमी

(b) रुपए का मजबूत होना

(c) उच्च निवेश (input) लागत और मुद्रास्फीति दबाव

(d) निर्यातों में वृद्धि

**42.** Which one of the following best explains the "crowding-in effect" observed in India ?

(a) Reduction in private sector borrowing

(b) Public investment leading to increase in private investment

(c) Decline in fiscal deficit

(d) Increase in imports due to higher demand

**43.** Consider the following statements :

1. India runs a current account deficit

2. Merchandise imports of India exceed exports

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**44.** With reference to Ayushman Bharat Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana, which of the following statements is/are correct ?

1. It provides health insurance coverage to vulnerable families

2. It covers both secondary and tertiary care hospitalization

3. It is applicable to all citizens irrespective of income

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) 1 and 2

(d) 2 and 3

**45.** India's fiscal deficit widens significantly due to increased Government spending on subsidies while tax revenue remains unchanged. Which one of the following is the most likely consequence ?

(a) Inflation will rise, interest rates will fall, and private investment will increase

(b) Inflation will rise, interest rates may rise, and private investment may slow down

(c) Inflation will fall, interest rates will rise, and private investment will increase

(d) Inflation will fall, interest rates will fall, and GDP growth will accelerate

**46.** India's reliance on imported energy exposes it to geopolitical supply shocks. In this context, what is the most likely short-term impact of a major disruption in crude oil imports ?

(a) Decrease in inflation

(b) Strengthening of the rupee

(c) Higher input costs and inflation pressure

(d) Increase in exports

**47.** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने हाल ही में, पिनाका लंबी दूरी के निर्देशित रॉकेट (LRGR) का सफल उड़ान परीक्षण किया। इस रॉकेट का परीक्षण उपयोगकर्ता द्वारा निर्धारित (user-defined) न्यूनतम कितनी दूरी की मारक क्षमता के लिए किया गया ?

(a) 30 km
(b) 40 km
(c) 50 km
(d) 60 km

**48.** निम्नलिखित में से कौन-सा, हाल के वर्षों में, कमजोर (fragile) वैश्विक संदर्भ में, भारत के विकास समुत्थानशीलता (India's growth resilience) की सर्वोत्तम रूप से व्याख्या करता है ?

(a) मजबूत घरेलू मांग द्वारा समर्थित उपभोग (consumption) और निवेश में एकसाथ वृद्धि के साथ निम्न मुद्रास्फीति
(b) कमज़ोर वैश्विक मांग के बावजूद, निर्यात को बढ़ाने के लिए भारतीय रूपए का तीव्र अवमूल्यन
(c) मुख्यतः वर्धित राजस्व घाटा वित्तपोषण (increased revenue deficit financing) के माध्यम से राजकोषीय प्रोत्साहन
(d) मुद्रास्फीतिकारक दबावों को नियंत्रित करने के लिए सार्वजनिक पूंजीगत व्यय में कमी

**49.** यदि श्रम बल सहभागिता दर (LFPR) 50% है और कामगार जनसंख्या अनुपात (WPR) 45% है, तो बेरोज़गारी दर क्या है ?

(a) 5%
(b) 10%
(c) 15%
(d) निर्धारित नहीं किया जा सकता है

**50.** कृषि उत्पादन में निम्नलिखित में से कौन-सी प्रमुख संरचनात्मक प्रवृत्तियों पर आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 में विशेष बल दिया गया है ?

(a) फसल उत्पादन की अपेक्षा पशुधन उत्पादकता में गिरावट
(b) फलों का उत्पादन, सब्जियों के उत्पादन से अधिक हो गया
(c) दलहन का उत्पादन, बागवानी और खाद्यान्न उत्पादन से आगे निकल गया
(d) बागवानी उत्पादन, खाद्यान्न उत्पादन से आगे बढ़ गया

**51.** तीन प्रतिरोधक $R_1$, $R_2$ और $R_3$, ($R_1>R_2>R_3$), को $V$ वोल्टता वाली एक बैटरी से इस प्रकार जोड़ा जाता है कि परिपथ प्रति यूनिट समय (per unit time) अधिकतम ऊष्मा उत्पन्न करें। इसके लिए निम्नलिखित में से कौन-सा सही परिपथ संयोजन है ?

(a) $R_1$, $R_2$ और $R_3$ श्रेणी संयोजन (series combination) में जुड़े हैं
(b) $R_1$, $R_2$ और $R_3$ पार्श्व संयोजन (parallel combination) में जुड़े हैं
(c) $R_1$ और $R_3$ पार्श्व क्रम में जुड़े हैं और $R_2$ इस संयोजन से श्रेणी क्रम में जुड़ा है
(d) $R_1$ और $R_3$ श्रेणी क्रम में जुड़े हैं और $R_2$ इस संयोजन से पार्श्व क्रम में जुड़ा है

**47.** The Defence Research & Development Organisation (DRDO) recently conducted a successful flight-test of the Pinaka Long Range Guided Rocket (LRGR). The rocket was tested for a user-defined minimum range of

(a) 30 km

(b) 40 km

(c) 50 km

(d) 60 km

**48.** Which one of the following best explains how India's growth resilience is achieved in a fragile global context in recent years ?

(a) Lower inflation with a simultaneous increase in consumption and investment supported by strong domestic demand

(b) A sharp depreciation of the Indian rupee to boost exports despite weak global demand

(c) A fiscal push achieved primarily through increased revenue deficit financing

(d) Reduced public capital expenditure to curb inflationary pressures

**49.** If Labour Force Participation Rate (LFPR) is 50% and Worker Population Ratio (WPR) is 45%, what is the Unemployment Rate ?

(a) 5%

(b) 10%

(c) 15%

(d) Cannot be determined

**50.** Which one of the following major structural trends in agricultural output is highlighted in the Economic Survey 2025-26 ?

(a) Livestock output declined relative to crop production

(b) Production of fruits exceeded production of vegetables

(c) Pulses production outpaced both horticulture and food grains production

(d) Horticulture production surpassed food grain production

**51.** Three resistors, $R_1$, $R_2$ and $R_3$, ($R_1 > R_2 > R_3$), are connected to a battery of voltage $V$, such that the circuit generates maximum heat per unit time. Which one among the following is the correct circuit combination for this ?

(a) $R_1$, $R_2$ and $R_3$ are connected in series combination

(b) $R_1$, $R_2$ and $R_3$ are connected in parallel combination

(c) $R_1$ and $R_3$ are connected in parallel and $R_2$ is connected in series to the combination

(d) $R_1$ and $R_3$ are connected in series and $R_2$ is connected parallel to the combination

52. किसी समतल-उत्तल लेंस के उत्तल भाग को लेंस के जितने ही अपवर्तनांक (8/5 के बराबर) वाले किसी द्रव में पूर्णतः निमज्जित किया जाता है। लेंस से 40 cm की दूरी पर वायु में स्थित किसी प्रकाश के बिंदु स्रोत (point source of light) के प्रतिबिंब से संबंधित निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ? (मान लीजिए समतल-उत्तल लेंस की फोकस दूरी (focal length) 20 cm है)

(a) इसका प्रतिबिंब लेंस के 40 cm पीछे बनेगा
(b) इसका प्रतिबिंब लेंस के 25 cm पीछे बनेगा
(c) लेंस और द्रव का अपवर्तनांक (refractive index) समान होने के कारण कोई प्रतिबिंब नहीं बनेगा
(d) इसका प्रतिबिंब लेंस के 64 cm पीछे बनेगा

53. 800 kg द्रव्यमान वाली कोई कार किसी सीधे मार्ग पर 40 km/h की चाल से चल रही है। उस पर 12 s के लिए उसकी वेग की दिशा में 1000 N का बल लगाया जाता है। कार की अंतिम चाल निम्नलिखित में से क्या होगी ?

(a) 55 km/h
(b) 60 km/h
(c) 94 km/h
(d) 104 km/h

54. किसी क्षैतिज तल (horizontal plane) पर किसी धनात्मक आवेशित कण (अल्फा-कण) को पश्चिम दिशा की ओर प्रक्षेपित किया जाता है। उसे किसी चुंबकीय क्षेत्र के द्वारा उसी तल पर उत्तर दिशा की ओर विक्षेपित कर दिया जाता है। चुंबकीय क्षेत्र की दिशा निम्नलिखित में से कौन-सी होगी ?

(a) दक्षिण की ओर
(b) पूर्व की ओर
(c) ऊर्ध्वाधर नीचे की ओर
(d) ऊर्ध्वाधर ऊपर की ओर

55. चुंबकीय क्षेत्र रेखाओं से संबंधित निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है ?

(a) वे सदैव एकदुसरे के समांतर होती हैं
(b) छड़ चुंबकों के भीतर वे दक्षिण ध्रुव से उत्तर ध्रुव की ओर संकेत करती हैं
(c) छड़ चुंबकों के भीतर वे एकदूसरे को प्रतिच्छेद कर सकती हैं
(d) किसी क्षेत्र में जितनी अधिक रेखाओं की सघनता होगी, उस क्षेत्र में उतना ही प्रबल चुंबकीय क्षेत्र होगा

56. किसी छड़ (rod) को उसके सिरों (ends) में से किसी एक पर ऊर्ध्वाधर संतुलित किया जाता है। निम्नलिखित में से कौन-सा उसके संतुलन (equilibrium) का सही स्वरूप (nature) है ?

(a) उदासीन संतुलन
(b) स्थायी संतुलन
(c) अस्थायी संतुलन
(d) सप्रतिबंध स्थायी संतुलन

